केन्द्रीय विद्यालय सगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय: भारत सरकार)
[Ministry of HRD Deptt of Education, Govt. Of India]
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर Regional Office, Raipur
(Kendriya Vidyalaya.No.2, Raipur Campus)
Sec-IV, dindayalupadhyay Nagar Raipur (CG)-492010
Website:https://roraipur.kvs.gov.in/
E-mail:- 1. dckvsrorpr@gmail.com **2.** ackvsroraipur@gmail.com
Tel : - 0771-2262912(DC) , 2262913 (AC)

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

फा.सं.320-DC/के.वि.सं.(क्षे.का.)/2020-21/ 295-332 दिनांक: 08.05.2020

<u>अपील</u>

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (Covid-19) के कारण पूरी दुनिया एक कठिन दौर से गुज़र रही है। यह हमारे देश के साथ-साथ पूरी मानव जाति के लिए संकट की घड़ी है। इसलिए स्वस्थ्य मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा समय-समय पर ज़ारी निर्देशों का पालन ही काफी हद तक इस आपदा से हमें बचा सकता है।

इस विपरीत परिस्थिति में, मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के अन्तर्गत कार्यरत समस्त प्राचार्यों, शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं छात्रों से कहना चाहती हूँ कि आप अपना धैर्य बनाए रखें और खुद को बचाने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरतें।

संकट की इस घड़ी में सम्पूर्ण शिक्षण संस्थान बंद है, जिसके कारण विद्यार्थियों का मानसिक तनाव पढ़ाई को लेकर काफी हद तक बढ़ चुका है। वैसे भी सामुदायिक जीवन व खेल-कूद से दूर बच्चे मानसिक अवसाद या भावात्मक असुंतलन का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में शिक्षकों की महती भूमिका है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता है और उनकी राष्ट्र एवं बच्चों के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है।

सभी को ज्ञात है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में दिनांक 02.05.2020 से ग्रीष्म अवकाश प्रारंभ हो चुका है। अतः संकट की इस घड़ी में, मैं रायपुर संभाग के समस्त शिक्षकों से यह अपील करना चाहती हूं कि वे बच्चों के हित को ध्यान में रखकर अपनी स्वेच्छा से उनके साथ यथासंभव किसी भी माध्यम (online / telephone) से जुड़कर उनका मानसिक तनाव कम करने का प्रयास करें।

धन्यवाद।

08/05/2020

(चन्दना मण्डल)
उपायुक्त